तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिसियल जज **रेस्टोरेशन प्रार्थना–पत्र सं0 05/2017 मोहनराम वगैरा बनाम नरपतसिंह**	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.05.2018	पत्रावली आज पेश हुई। यह प्रार्थना–पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 सपठित धारा 151 सी पी सी विरूद्ध आदेश दिनांक 13.06.2017 अंतर्गत विविध पुनरावलोकन प्रार्थना–पत्र सं0 15/2015 मोहनराम बनाम नरपतसिंह वगैरा न्यायालय हाजा के विरूद्ध पेश किया है। यह प्रकरण दिनांक 17.05.2018 को कैम्प कोर्ट लूणी में प्रस्तुत पेश होने पर प्रार्थी अभिभाषक श्री मनोहरसिंह शेखावत व अप्रार्थी नरपतसिंह पुत्र जेठूसिंह जाति राजपूत उपस्थित हुए और अप्रार्थी नरपतसिंह पुत्र जेठूसिंह ने मौखिक रूप से कथन किया कि रेस्टोरेशन प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर लिया जाता है तो मुझे कोई एतराज नहीं है। अतः प्रार्थी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत रेस्टोरेशन प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। न्यायालय हाजा में पूर्व में प्रस्तुत निगरानी याचिका संख्या 03/2014 नरपतसिंह बनाम मोहनराम वगैरा निर्णय दिनांक 08.06.2015 को पुनः उसी नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है।	